न्यायालय सहायक कलेक्टर (एस.डी.ओ) शिवगंज जिला सिरोही

बइजलास पीठासीन अधिकारी भागीरथ राम, आर0ए0एस0

प्रार्थीया	**बनाम**	**अप्रार्थीगण**
1.कानाराम पुत्र रतारामजी जाति सरगरा निवासी– खाडियावास शिवगंज 2.रतनलाल पुत्र चुन्नीलाल जाति सरगरा निवासी– पोसालिया तह0 शिवगंज		1. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार शिवगंज

मु.स0 100/2022

राजस्व प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251 (क) राजस्थान काश्तकारी अधिनियम

दिनांक 04.5.2022

–::आदेश ::–

उपरोक्त उनवान प्रकरण में प्रार्थीगण ने जरिये अधिवक्ता मनोज नामा के प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251(क) राजस्थान काश्तकारी अधिनियम के तहत पेश कर निवेदन किया कि प्रार्थीगणों की खातेदारी एंव कब्जा काश्त की कृषि आराजी सरहद मौजा बादला तहसील शिवगंज में खसरा 87/8 रकबा 05 बीघा किस्म खालखददर उसर स्थित है। प्रार्थीगण की उपरोक्त भूमि में आने जाने हेतु रास्ता राजस्व रेकर्ड में दर्ज नहीं है तथा भूमि के चारों तरफ अप्रार्थी की खसरा नं0 87/154 किस्म खालखददर उसर भूमि आई हुई है। जिसमें से प्रार्थीगण उपरोक्त भूमि में आते जाते रहते है। प्रार्थीगण मौके पर अपनी कृषि भूमि में आने जाने हेतु संलग्न नजरी नक्शा में दर्शित मार्क ए से बी रास्ते की भूमि हेतु उपयोग में लेना चाहते है जो रास्ता नजरी नक्शा के अनुसार मुख्य रास्ता से मिलता है। जो संलग्न नक्शा ट्रेस में लाल रंग से दर्शाया गया है। प्रार्थीगण के आने जाने हेतु संलग्न नक्शा में कोई रास्ता उपलब्ध नहीं है। जिससे नजरी नक्शा में दर्शित लाल रंग को रास्ते के रूप में उपयोग लेना चाहता है। इसके अलावा रास्ता हेतु कोई उपयुक्त स्थान नहीं है। इस आधार पर प्रार्थीगण द्वारा उपरोक्त स्थान पर ही राजस्व रेकर्ड में रास्ता दर्ज करने हेतु यह प्रार्थना पत्र पेश किया है। प्रार्थीगण नियमानुसार रास्ता भूमि की राशि जमा करवाने को तैयार हूँ।

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र दिनांक 09.2.2022 को दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को नोटिस जारी किये गये एंव तहसीलदार शिवगंज को मौका जॉच रिपोर्ट हेतु पत्र क्रमाक 118 दिनाक 14.2.2022 को जारी कर मौका जॉच रिपोर्ट चाही गई। अप्रार्थी तहसीलदार शिवगंज को नोटिस तामिल होकर प्राप्त हुआ। तहसीलदार शिवगंज की और से मौका जॉच रिपोर्ट मौका फर्द एंव रास्ता हेतु प्रस्तावित नजरी नक्शा ट्रेस जिसमें लाल स्याही से प्रस्तावित रास्ता अंकित है कि रिपोर्ट इस आशय से प्राप्त जिसमे मौजा बादला के खसरा नं0 87/8 रकबा 5 बीघा किस्म खालखददर में पहुंचने हेतु खसरा नं0 87/154 रकबा 95 बीघा किस्म खालखददर सिवायचक भूमि में से रास्ता प्रस्तावित है। प्रस्तावित रास्ता 09 मीटर चौडा एवं 440 मीटर लंबा है। जिसका क्षैत्रफल 3960 वर्गमीटर यानि 2.09 बीघा है। यह रास्ता निकटवर्ती सरकारी रास्ता खसरा नं0 87/8 से जुडता है तथा लधुतम दूरी है। प्रस्तावित रास्ता की भूमि पडत है एवं कोई निर्माण किया हुआ नहीं है। प्रस्तावित रास्ता की भूमि की डीएलसी दर 77112/–रूपये प्रति हैक्टयर है। डीएलसी दर अनुसार रास्ता की मालियत राशि रूपये 30474/–रूपये बनती हैं जिसकी दुगनी कीमत 60948/–रूपये बनती है।

अतः प्रार्थीगण को स्वंयम की खातेदारी भूमि खसरा नम्बर 87/8 में जाने हेतु सरकारी बिलानाम भूमि के खसरा नम्बर 87/154 किस्म खालखददर सिवायचक में से प्रस्तावित रास्ता की भूमि जो नक्शा ट्रेस में दर्शायी गई है प्रस्तावित रास्ता 09 मीटर चौडा एवं 440 मीटर लंबा है। जिसका क्षैत्रफल 3960 वर्गमीटर यानि 02–09 बीघा है। यह रास्ता निकटवर्ती सरकारी रास्ता खसरा नं0 87/8 से जुडता है तथा लधुतम दूरी है। प्रस्तावित रास्ता की भूमि पडत है एवं कोई निर्माण किया हुआ नहीं है। प्रस्तावित रास्ता की भूमि की डीएलसी दर 77112/–रूपये प्रति हैक्टयर है। डीएलसी दर अनुसार रास्ता की मालियत राशि रूपये 30474/–रूपये बनती हैं जिसकी दुगनी कीमत 60948/–(सांठ हजार नो सो अडतालीस रूपये) रूपये बनती है। उभय पक्षकारान की सहमति होने के आधार प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Bhagirath Ram
Date: 2022.06.03 11:04:14 IST
Reason: Self Attested

.... **शेष पेज संख्या दो पर**

तहसीलदार शिवगंज को प्रार्थना पत्र के संलग्न नजरी नक्शा एनेक्चर–1 के अनुसार बिलानाम भूमि खसरा नम्बर 87/154 किस्म खालखददर सिवायचक 9 मीटर चौड़ा 440 मीटर लम्बाई अर्थात 3960 वर्गमीटर यानि 02–09 बीघा भूमि की राशि अदा कराने हेतु तहसील कार्यालय, शिवगंज मे जमा कराने पर सरकारी बिलानाम भूमि मे से कम की जाकर रास्ता भूमि को राजस्व रेकर्ड में किस्म गैर मुमकीन रास्ता सरकारी बिलानाम खाते में दर्ज करने के आदेश दिये जाते है। आदेश खुले न्यायालय मे सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम की जावे।

यह आदेश आज दिनांक 14.5.2020 को रा0 लोक अदालत केम्प शिवगंज में मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

(भागीरथ राम)
सहायक कलक्टर
शिवगंज

सहायक कलक्टर
शिवगंज (सिरोही)

प्रतिलिपि–
1.तहसीलदार शिवगंज को पालनार्थ ।

सहायक कलक्टर
शिवगंज

सहायक कलक्टर
शिवगंज (सिरोही)

Signature Not Verified

Digitally signed by Bhagirath Ram
Date: 2022.06.03 11:04:14 IST
Reason: SelfAttested